## स्पीड न्यूज

### 15वें वित की जलमीनार में अनियमितता



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के बरांव पंचायत में दिलीप गोस्वामी की दुकान के पास 15वें वित्त से लगी जलमीनार में कई प्रकार की गुणवत्ता में कई प्रकार की खामियां हैं। जबकि नियमानुसार जलमीनार में कंपनी की सामग्री लगानी थी लेकिन संवेदक ने मनमानी तरीके सरकार के नियम कानून को ताक पर रख नॉन कंपनी का सामग्री लगाकर जलमीनार बना रहे हैं, जबकि सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि गांव गांव तक गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य हो।

### सड़क-पुलिया निर्माण का किया शिलान्यास



**सतबरवा।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ी, नौरंगा, रेवाराटू, चपरना तथा पिंडरा गांव में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से सड़क निर्माण तथा पुलिया निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इस दौरान विधायक ने बताया कि काफी दिनों से इन गांवों के लोगों ने सड़क निर्माण तथा पुलिया निर्माण की मांग की थी। आज चिर-परिचित मांग पांकी विस क्षेत्र की जनता का पूरा हो रहा है। डॉ मेहता ने कहा कि सड़क तथा पुल निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, महेश यादव, आशीष सिन्हा, मनोज शर्मा, धनंजय पांडे, उप मुखिया मुधीर साव, विनोद साव, सुंदरेश्वर मोची, राणा मिस्त्री उपस्थित थे।

### बसपा का झारखंड बचाओ यात्रा रवाना



**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय सीता +2 उवि के मैदान से बसपा की झारखंड बचाओ यात्रा का सोमवार को शुभारंभ हुआ। बसपा के प्रदेश महासचिव मनीष सिंह, जिलाध्यक्ष अशोक राम, जिला प्रभारी अभिमन्यु कुमार, जिला उपाध्यक्ष राम बाबू व पूर्व प्रदेश सचिव सह हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी प्रमोद रवि ने झंडा दिखाकर रथ रवाना किया। प्रमोद ने कहा कि यह रथ यात्रा 8 अक्टूबर तक हुसैनाबाद विस क्षेत्र के सभी पंचायतों में भ्रमण कर समापन 9 को बसपा के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर कौआखोह स्थित मैदान में महती सभा के साथ होगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, सुशील रवि, रामसुंदर राम, नागेंद्र चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी, दिनेश कुमार, विश्वनाथ यादव, पप्पु चौधरी, इन्द्रदेव भारती, रमण राम थे।

### आठवां सह प्रार्थना सभा का आयोजन



**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के मसिहानी गांव में अद्दि कुरुख सरना समाज ने सोमवार को आठवां सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा की। मौके पर छतरपुर नौडीहा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आये सरना धर्मावलंबियों ने आपसी एकजुटता का परिचय देते हुए समाज को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन समाज के प्रखंड सचिव संजीत उरांव और अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उमेश उरांव ने की। मुख्य अतिथि समाज के जिला सचिव शंकर उरांव इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता और नगर पंचायत क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन शामिल हुए।

### ऋषि और कृषि संस्कृति का मिलन ही श्रीराम सीता का विवाहः साध्वी प्रेमलता



**पाटन पलामू।** श्रीराम यज्ञ से प्रकट हुए जो ऋषि संस्कृति का प्रतीक है। जनक जी ने हल चलाया उससे सीता जी प्रकट हुई जो कृषि संस्कृति का प्रतीक है। ऋषि और कृषि संस्कृति का मिलन ही श्री सीता राम का विवाह है। उक्त उदगार साध्वी प्रेमलता ने व्यक्त किया। वे पाटन के सकलदीपा ग्राम में आयोजित श्रीरामचरित मानस महायज्ञ सह दुर्गा पूजा कार्यक्रम मे प्रवचन कर रही थी। कहा कि जनक जी का सारा पुण्य सीता जी हैं दशरथ जी का सारा पुण्य श्रीराम हैं। भगवान शिव की आराधना से ही इस समग्र सुकृत गणेश जी राम जनक जी को प्राप्त हुआ। शिव की आराधना का विशेष तात्पर्य है इसके पाद यज्ञ की पूर्णाहुति जल अन्य पुष्प आदि से मूर्ति को आच्छादित करके प्राण प्रतिष्ठा पूर्णतया होगी। विशाल भंडारा रखा गया है।

### जेनरल स्टोर एंड गिफ्ट कॉर्नर का उद्घाटन



**हरिहरगंज पलामू।** मेन रोड पुरानी बस स्टैंड हरिहरगंज में सोमवार को जायसवाल श्रृंगार, जेनरल स्टोर एंड गिफ्ट कॉर्नर का उद्घाटन गिन्नी कुमारी, मिस्टी कुमारी तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने किया। बल्लू ने कहा कि प्रतिष्ठान खुलने से लोगों को बेहतर सामान उपलब्ध होगी। प्रतिष्ठान संचालक चंदन जायसवाल ने कहा कि उनकी दुकान में श्रृंगार, जेनरल सामान व गिफ्ट से संबंधित सामानों का संग्रह है, जो उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर युगल जायसवाल, मधु देवी, दिलीप स्वर्णकार, मधु देवी, अरविंद पासवान, अजय कुमार सिंह, राजेश शौंडिक, शिक्षक शिव यादव, छोटे लाल, मिठू गुप्ता, मनीष सिंह आदि मौजूद थे।


### जिप सदस्य की पहल पर जंघासी को मिला सौ केवीए का ट्रांसफार्मर

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के जंघासी में पिछले कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर बार बार खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति को लेकर परेशानी हो रही थी। जंघासी के ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह को दी। इसके बाद उन्होंने पहल करते हुए 25 केवीए का ट्रांसफार्मर बदल कर सौ केवीए का ट्रांसफार्मर दिलवाने का काम किया।

# सांसद बीडी राम का प्रयास लाया रंग, पीएम और केंद्रीय रेलमंत्री के प्रति जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए खुशखबरी : पुनः शुरू होगा बरवाडीह चोपन पेसेंजर ट्रैन का परिचालन**



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 03603/03604 को पुनः परिचालन प्रारंभ करने की अधिसूचना रेलवे बोर्ड के द्वारा प्रदान कर दी गयी है। बहुत जल्द उक्त ट्रेन के परिचालन संबंधी तिथि निर्धारित की जायेगी।

**लोकसभा के शून्यकाल में सांसद ने उठाया था मामला :** इस संबंध में सांसद ने लोकसभा में नियम 377 एवं शून्य काल के तहत मामले को लगातार उठाया था एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर तथा व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया था। विदित है कि कोविड-19 के दौरान बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दी गयी थी। उक्त ट्रेन के परिचालन बंद हो जाने के कारण पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। यहां की जनता के द्वारा लगातार इस ट्रेन को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी। इसके लिए सांसद श्री राम ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से आभार प्रकट किया है। उक्त जानकारी सांसद श्री राम के निजी सचिव अलखा दुबे ने दी।

## डांडिया नाइट को लेकर गांधी उद्यान में बैठक, आनंद शंकर बोले

# सांस्कृतिक सन्नाटा को तोड़ता है डांडिया

- बैठक में की गयी कार्यक्रम को ले समीक्षा, भव्य आयोजन की तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ये रहे मौजूद :** बैठक में अलका सिंघानियां, शिखा अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, संध्या जायसवाल, रंजीता केडिया, कोमल सर्राफ, शिवानी आंनद, पूजा भिवानिया, प्रीती राज गुप्ता, राजदेव उपाध्याय, इंदरजीत सिंह डिंपल, आलोक माथूर, विजय ओझा, विनय प्रसाद बिनू, अरबिंद अग्रवाल शामिल थे।

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग की बैठक गांधी उद्यान में जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंघानियां की अध्यक्षता में हुई। जिसके मुख्य अतिथि चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर थे। श्री शंकर ने डांडिया नाइट की तैयारी को लेकर समीक्षा की। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के प्रमुखों से जानकारी ली गयी। साथ ही अधूरे कार्य अविलंब पूरा करने को कहा गया। मौके पर आनंद शंकर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चेंबर ऑफ कामर्स महिला विंग डांडिया नाइट का आयोजन कर रहा है। कहा कि सांस्कृतिक सन्नाटा को डांडिया तोड़ता है। यह कार्यक्रम शहर को एक बेहतर पहचान देने में सफल रहेगा। उन्होंने कहा कि डांडिया के दो प्रमुख कलाकार वॉलीवुड नेत्री रीमी सेन व रश्मि देसाईं के अलावे कोलकाता से भी कुछ बंगाली कलाकार आयेंगे। इसके अलावे डीजे को भव्य स्वरूप देने के लिए मुंबई से भी कुछ लोग आ रहे हैं। श्री शंकर ने कहा कि बड़े शहरों की तर्ज पर डालटनगंज नगर निगम को भी एक स्वरूप देने का प्रयास जारी है।

## पांकी विधानसभा की 150 पूजा समिति को विधायक ने किया सम्मानित

# शास्त्र और संस्कृति की रक्षा के लिए शस्त्र जरूरी है : डॉ मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**





दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते और कार्यक्रम को संबोधित करते पांकी विधायक।

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नयी पहल की शुरुआत करते हुए पांकी विस क्षेत्र के लगभग 150 से अधिक पूजा समिति को अंग वस्त्र व तलवार देकर सम्मानित किया। इसे लेकर नीलांबर पीतांबरपुर में समारोह हुआ। विधायक ने कहा कि अपने आप को भाग्यशाली मानता हूं कि सनातन धर्म की रक्षा करने एवं परंपरा को बचाये रखने में महती भूमिका निभाने वाले पूजा समिति को सम्मानित करने का अवसर मिला है। पहले भी दुर्गा पूजा पंडालों में जाकर मां की आराधना में लगे पूजा समिति के सदस्यों को सम्मानित करते थे लेकिन इस तरह सामूहिक नहीं हो पाता था। आप सभी दुर्गा पूजा समिति के सदस्य सनातन धर्म, संस्कृति और अपनी परंपरा को बचाये रख रहे हैं वह सराहनीय है। दुर्गा पूजा दशहरा असत्य पर सत्य की विजय एवं बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है इसलिए आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी लोग हमेशा सत्य के साथ खड़े रहे। भले हमें कुछ देर के परेशानी उठानी पड़े।

**ये रहे मौजूद :** मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, सरोज चटर्जी, प्रतिनिधि निर्मल मेहता, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत गुप्ता, राजेंद्र सिंह चेरो, महेश यादव, चंदन सिंह, रंजय ठाकुर, दिलीप मेहता, सुधीर तिवारी, अजय उरांव, चिंटू सिंह, चंचल यादव, विधायक प्रेस मीडिया राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू वर्मा व ग्रामीण उपस्थित थे।

# मेडिकल प्लान, स्थानीय गोताखोर व सीसीटीवी को दुरुस्त रखें : उपायुक्त

- दशहरा पर्व को लेकर टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न
- सोशल मीडिया पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को टाउन हॉल में आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से पूजा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी पूजा समितियों से पूजा भव्य लेकिन शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील की। कहा कि सभी पंडालों में दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है।



**खास बातें :** इसके अलावे इस वर्ष पंडालों से प्राप्त वोलेंटियर की सूची के आलोक में उन्हें प्रशासन की ओर से टी-शर्ट भी उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रत्येक थाने में एक एम्बुलेंस को भी टैग किया गया है। बैठक में डीसी श्री रंजन ने सभी एसडीपीओ से उनके क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारी से संबंधित अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने सभी को मेडिकल प्लान, जहां प्रतिमा विसर्जन होगा। वहां स्थानीय गोताखोर की व्यवस्था व सभी पंडालो में सीसीटीवी को दुरुस्त रखने पर बल दिया। उन्होंने सभी समितियों से अनुरोध किया कि वे अपने पंडालो में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगायें। इसके साथ ही विसर्जन वाले स्थल पर जहां पानी अधिक हो उस एरिया को रस्सी से अनिवार्य रूप से घेराव करें। बैठक में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में संचालित व्हाट्सएप के विभिन्न ग्रुप पर पैनी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन दिनों आपत्तिजनक सामग्रियां इसी माध्यम से प्रसारित की जाती हैं, ऐसे में इन पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने दागी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 107 के तहत कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में पूजा पंडालों के समीप कहीं भी बिजली के तार जीर्णशीर्ण अवस्था में ना रहे। मौके पर उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पूजा समिति व विभिन्न अखाड़ा समिति के लोग उपस्थित थे।

## इंसानियत की बात करनेवाला ही पांकी विस की जनता के दिलों पर राज करेगा : मुमताज

- गुरहा मुखिया ने किया हजारों लोगों के बीच कंबल वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तरहसी पलामू।** आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पांकी विस क्षेत्र के भावी प्रत्याशी मुमताज खां ने कहा कि गरीबों के बीच कंबल का वितरण करना एक पुनीत और नेक कार्य है। वे गुरहा पंचायत में पंचायत के मुखिया सब्बा फिरदौस द्वारा आयोजित कम्बल वितरण समारोह में उपस्थित लोगों के बीच बोल रहे थे। श्री खां ने कहा कि दशहरा हो, दीपावली हो, छठ हो सभी त्योहारों में हमारी समान रूप से सहभागिता रहती है। ऐसे आयोजनों में हम बढ़ - चढ़कर भागेदारी निभाते हैं। आज लगभग पचीस वर्षों से चैत नवरात्रि पर झालखंडी माता मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अपने निजी खर्च से अहोर खोदवाने और पानी की समुचित व्यवस्था करते आ रहे हैं। मौके पर इबरार खान उर्फ पप्पू खान, फिरोज खान, शाहिद खान, बिशुनदेव मेहता, सुशील गिरी, नागेश्वर राम, उपेन्द्र मेहता, उदित राम, तौकीर खान, सहबाज खान, उम्मेद खातून भी थे।

## बिना प्रकृति जीवन की कल्पना कभी नहीं की जा सकती : कौशल किशोर

- ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल में मना नवरात्र उत्सव सह पैरेंट्स एंड ग्रैंड पैरेंट्स डे व डांडिया नाईट
- दशहरा के अवसर पर डांडिया का खास महत्व है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पूरे देश में दशहरा की धूम है। लोग नवरात्र में माता रानी की पूजा अर्चना व साधना में लीन हैं। मौके पर मेदिनीनगर के ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रा उत्सव सह पैरेंट्स एंड ग्रैंड पैरेंट्स डे व डांडिया नाइट किया गया। जिसमें विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि सपत्नीक पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला, समृद्धि की रोटी की संचालिका शीला श्रीवास्तव, शहर के चर्चित पेंटिंग शिक्षिका आशा कुमारी शामिल थी। कार्यक्रम की शुरुआत कर डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि बिना प्रकृति जीवन की कल्पना कभी नहीं की जा सकती है। इसलिए प्रकृति का संरक्षण बेहद जरूरी है।

### जिप सदस्य ने किया दो योजनाओं का शिलान्यास



**पाटन पलामू।** पाटन पश्चिमी जिप सदस्य संग्राम सिंह ने पाटन के सेमरी पंचायत में दो योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें नाली निर्माण एवं पुरनी पाटन में छठ घाट का शिलान्यास शामिल है। यह दोनों योजना का निर्माण कार्य ढाई ढाई लाख रुपए की लागत से करायी जायेगी। मौके पर जिप सदस्य संग्राम सिंह ने बताया कि अपने क्षे में अति आवश्यक योजना का चयन कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराया जायेगा।

### गिरिराज फिल्म के बैनर तले नागपुरी फिल्म रिलीज




**मेदिनीनगर।** गिरिराज फिल्म के बैनर तले नागपुरी फिल्म बनी है जो 4 अक्टूबर को झारखंड, उड़ीसा व छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। जिसकी पूरी शूटिंग झारखंड के रांची, पतरातू, देवघर व अन्य खूबसूरत लोकेशन्स पर की गयी है। फिल्म एक प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म का नाम है आई लव यू। आई लव यू फिल्म के निर्माता है मुकेश गिरी (रिंकू) व निर्देशक है विशाल वर्मा। संवाद व पटकथा लेखन किया है शशि रंजन द्विवेदी ने। फिल्म के गाने लिखे है डॉक्टर सागर ने। फिल्म में झारखंड के विवेक नायक, नितेश कच्छप, अमृता पाल (मुंबई), समर कात्यान, राजलक्ष्मी भेंगरा, रीना सहाय, सुमन सिंह, राजीव सिन्हा, रिंकू गिरी युगान्त बद्री पांडेय की मुख्य भूमिका है।

## संस्कृति-परंपरा बचाये रखने की जरूरत है : बलिराम शर्मा

- ज्ञान निकेतन स्कूल में डांडिया नृत्य का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में दुर्गा पूजा के अवसर पर डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी बच्चे पारंपरिक वेश - भूषा में अलग अलग समूह बना कर डांडिया नृत्य प्रस्तुत किए और फिर सभी एक साथ डांडिया के साथ थिरके, जो बड़ा ही मनमोहक था। यह आयोजन बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपरा से परिचित कराने त्योहार मनाने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा तथा प्राचार्य मनोहर पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बलिराम शर्मा ने बच्चों को संबोधित कर कहा कि हमें अपनी संस्कृति और परंपरा पर गर्व करना चाहिए।

### भाकपा माले का छतरपुर विस स्तरीय सम्मेलन संपन्न

**पाटन/छतरपुर।** पाटन प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरसैता में पाटन छतरपुर विधानसभा स्तरीय भाकपा माले का कन्वेशन संपन्न हुआ। कन्वेशन में बतौर मुख्य वक्ता अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य अध्यक्ष डॉ बी एन सिंह ने कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए सारी हदें पार कर रही है। भाकपा माले एक मात्र जमीनी पार्टी है, जो सामंत और जमींदारी प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी और लड़ रही है। रविंद्र भुइयां ने कहा कि आज से 35 वर्ष पूर्व इस इलाके में दलित सबसे ज्यादा शोषित था।


## झामुमो नेता ने उपायुक्त को लिखा पत्र सिविल सर्जन पर कार्रवाई की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने उपायुक्त पलामू को पत्र लिख सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह पर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि पलामू के सिविल सर्जन अबतक के सबसे भ्रष्ट सिविल सर्जन हैं। इन्होंने पलामू के पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। आमजन त्राहिमाम कर रहा है। लोग स्वास्थ्य सेवा के लिए प्राइवेट अस्पतालों पर निर्भर हैं। पीएचसी एवं सीएचसी में जिन डॉक्टर की नियुक्ति की गयी है वे वहां सेवा नहीं देकर प्राइवेट क्लीनिक चलाने में मशगूल हैं। एक सुनियोजित तरीके से पैसे लेकर और सेटिंग के तहत अच्छे डॉक्टर को पीएससी एवं सीएचसी से हटाकर जिला अस्पताल में डेपुटेशन कर दिया गया है ताकि वे डाल्टनगंज में अपना क्लीनिक चला सकें। अधिकतर डाक्टर यही कर रहे हैं। जिससे स्वास्थ्य केंद्रों में डायरिया तक का इलाज नहीं हो पा रहा है।

### भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार क्षेत्र पहुंचे विधायक कमलेश का जोरदार स्वागत



**हुसैनाबाद पलामू।** भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद आने की सूचना मिलते ही जगह जगह ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे फूल माला के साथ उनके स्वागत में जुट गये। विधायक कमलेश सिंह को जपला छतरपुर सड़क में प्रवेश करते ही उनका गाजे बाजे से सैकड़ों ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जपला नहर मोड़ तक आधा दर्जन स्थानों पर उन्हें रोक कर उन्हें फूल माला देकर ग्रामीणों ने स्वागत किया। नहर मोड़ पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जनता व कार्यकर्ताओं का यह प्यार व आभार जताते हैं।

# दुर्गा पूजा को लेकर चार धाम नहर मोड़ पर निकली भव्य कलश यात्रा

›› उत्तर कोयल नहर से जल उठाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कलश यात्रा में जुटी श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

**हुसैनाबाद पलामू।** शारदीय नवरात्र के आज पंचमी को शहर के धरहरा जपला नहर मोड़ स्थित चार धाम में दुर्गा पूजा को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित द्रोणाचार्य व मुख्य पुजारी अक्षय विश्वकर्मा, सहयोगी उपेंद्र यादव, समिति के संरक्षक भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने नेतृत्व किया। कार्यक्रम की शुरुआत चार धाम परिसर से की गयी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश लेकर, बाजा गाजा ढोल नगाड़ों के साथ मुख्य मार्ग को भ्रमण किया इसके बाद उत्तर कोयल नहर के जमुहरी माई छठ घाट से पूरे विधि विधान व मंत्र उच्चारण के साथ जल उठाया गया। पुनः नवदुर्गा के स्थान पर स्थापित की गयी। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, भाजपा नेता सूर्या सोनल सिंह, राजद नेता रवि यादव, झामुमो नेता राज अली हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, हैदरनगर बीस सूत्री बिमलेश सिंह, श्रवण अग्रवाल, पूर्व वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार चंद्रवंशी, सचिव अजित पटेल, मुकेश पटेल कोषाध्यक्ष सुशील सिंह, धनंजय गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, विद्या सिंह, रमेश यादव, जय श्री बैठा, रवि विश्वकर्मा, नीरज पटेल आदि मौजूद थे।

# रामचरितमानस के संदेशों को आत्मसात करने की जरूरत : हलचल बाबा

- सुआ कौड़िया शिव मंदिर झरिवा आहर में श्रीरामचरितमानस महायज्ञ सह दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़
- जय मां दुर्गे के उदघोष से गूंज रहा सुआ कौड़िया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रवचनकर्ता हलचल बाबा।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पंचायत सुआ कौड़िया के शिव मंदिर झरिवा आहर में श्रीरामचरितमानस नवाह्नपरायण महायज्ञ सह दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। महायज्ञ में प्रतिदिन परिक्रमा करने व पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महायज्ञ में दिन में रामायण पाठ व रात्रि में विद्वान पंडितों द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। प्रवचन सुनने के लिए हजारो की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु आ यज्ञ स्थल आ रहे हैं। प्रवचन में टुनटुन मिश्र उर्फ हलचल बाबा ने कहा कि श्रीरामचरितमानस के आदर्शों को अपनाकर ही देश का संपूर्ण विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के चरित्रों को अपनाने से ही रामराज्य आयेगा। कहा कि रामचरितमानस के संदेशों को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अधर्म का नाश करने व धर्म को स्थापित करने के लिए भगवान श्रीराम का अवतार हुआ है। उन्होंने नवरात्र की महिमा का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में मां दुर्गे की उपासना व पूजा अर्चना से भक्तों के सभी मनोकामना पूर्ण होते है।नारी शक्ति वंदनीय है। नारी के सम्मान करने से ही घर में खुशहाली आयेगी। इधर, चारों ओर रामचरितमानस यज्ञ व दुर्गा पूजा में भक्तों के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय व गुंजायमान हो गया है। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष नंदू सिंह, मुख्य संरक्षक मुकेश गुप्ता, महामंत्री टाइगर कुमार, सचिव देवेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साव आदि भी थे।

### पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादी के मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के दो जवान घायल

# सर्च अभियान में निकली थी पुलिस, अचानक उग्रवादियों ने किया हमला, सौ राउंड चली गोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत के बोखाखाड़ जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सुप्रिमो पप्पू लोहरा व पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें झारखंड जगुआर के दो जवान को गोली लगी है। घायल जवानों में राम सिंह सुरीन पिता नारायण सिंह (बराईवीर गोलाइकेरा, चाईबासा) व नरेंद्र पाण्डेय पिता रघुनंदन पांडेय (पलामू) शामिल है। दोनों को ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. सुनील भगत व डॉ. भारद्वाज नारायण चौधरी ने प्राथमिक उपचार किया। जांच के बाद जवान राम सिंह सुरीन को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि दोनों जवान के दाहिने पैर में गोली लगी है। जिसमें राम सिंह सुरीन के पैर के सुपली में गोली फंस गई है। जबकि नरेन्द्र पांडेय को घुटना के नीचे गोली लगी है। गोली निकल गई है। लातेहार थाना प्रभारी सह पुनि. प्रमोद सिन्हा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि बोखाखाड़ जंगल में 15 से 20 के संख्या में नक्सली दो घर में ठहरे हुए थे। सूचना के आधार पर एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस सर्च अभियान में निकली थी। पुलिस जैसे ही नजदीक पहुंची नक्सलियों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस भी गोली चलाई। लेकिन नक्सलियों ने गोली चलाते हुए जंगल का लाभ उठाते फरार हो गए। दोनों ओर से करीब 200 गोली चली है करीब आधा घंटा मुठभेड़ हुआ है। वहीं 03 बंदूक, कई पिट्ठू बैग, दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया है।



बरामद सामान।

# शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिलान्यास करते मंत्री बैद्यनाथ राम।

**लातेहार।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री सह लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने विधायक निधि से प्रखंड के जालिमखुर्द पंचायत के ग्राम जालिम में उपर तल्ला में विवाह मण्डप का निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। साथ ही भुसूर पंचायत के ग्राम भुसूर में भगत टोला में चबुतरा से लेकर समीर भगत के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया। वहीं श्री राम ने कहा कि विवाह मण्डप बन जाने से लोगों को विवाह कार्यक्रम समेत कई पुजा पाठ कार्यक्रम में लोगों को सहूलियत होगी। मौके पर मुखिया सुनिता देवी, दिपक कुमार, अशोक यादव, रंजित कुमार, बबलू साव, हनुमान, परमिन समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बरवाडीह में साहू ट्रेडर्स अल्ट्राटेक बिल्डिंग सॉल्यूशन केंद्र का हुआ शुभारंभ



दीप प्रज्वलित कर प्रतिष्ठान का शुभारंभ करते विधायक।

**बरवाडीह।** सोमवार को मैन रोड स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के समीप साहू ट्रेडर्स अल्ट्राटेक बिल्डिंग सॉल्यूशन केन्द्र का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि रीजनल सैल्स हैड स्वप्निल मिश्रा एवं टैरीटेरी सैल्स मैनेजर मीनू सिन्हा आदि ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। जहां विधायक ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान का खुलना बरवाडीह के लिए बड़े ही गर्व की बात है। अल्ट्राटेक देश की जानी मानी कंपनी है, जो अपने ग्राहकों को घर बनाने के लिए एक ही प्रतिष्ठान में सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराती है। उन्होंने साहू ट्रेडर्स के संचालक उमेश कुमार बधाई दी। वहीं उमेश कुमार ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट पूरे देश में एक समान गुणवत्ता वाले सीमेंट का उत्पादन करता है। इस केन्द्र पर एक छत के नीचे कम्पनी के अच्छी गुणवत्ता वाले कई प्रॉडक्ट उपलब्ध रहेगें। कार्यक्रम के अन्त में प्रोपराइटर उमेश कुमार ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया। मौके पर एसएनपीएस के निर्देशक डॉ.पवन कुमार, व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज, समाजसेवी मनोज जयसवाल, वरिष्ट नेता रविंद्र राम, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मो.सईद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, युवा नेता विजय बहादुर सिंह, कॉन्ट्रेक्टर भोला प्रसाद और अवधेश मेहरा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### लातेहार विधानसभा क्षेत्र मे जनाधार बढ़ाने को लेकर राजद ने किया बैठक



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव के आवास परिसर मे प्रकाश राम की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक का नेतृत्व राजद युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दिपक यादव ने किया। बैठक मे राजद पार्टी की नीति सिद्धांत के बारे मे चर्चा किया साथ ही आपने पार्टी को विस्तार करने लिए प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। कमिटी गठन मे मुख्य रूप से युवा राजद जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार राम, जिला सचिव मो एजाज अहमद, कार्यकारिणी सदस्य मो.तोफिक आलम व मधु गंझु मंचासीन उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से प्रकाश राम, अरुण उरांव, कृष्णा उरांव, सचिव अरविन्द उरांव, महादेव गंझु, आशीष पासवान, बिपिन यादव, सकेंद्र यादव, रविंद्र उरांव, कृष्णा यादव, तुलेश्वर गंझु,संरक्षक भुनेश्वर यादव प्रेम यादव, अक्षय कुमार, अजित कुमार बनाए गए। सभी नवचयनित कार्यकत्ताओं ने कहा की अपनी जिम्मेदारी पूर्ण ईमानदारी के साथ निभाउंगा। बैठक में राजद सभी कार्यकत्ताओं ने कहा की लातेहार विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी सुरेश राम के लिए पूरा जोश जूनून के साथ काम करने का संकल्प लिया। दीपक यादव ने कहा की राजद एक ऐसी पार्टी है जो जाति धर्म से उपर उठकर दलित शोषित के हक अधिकार के लिए संघर्ष करते आ रही है। साथ ही समता समानता व समतामुलक समाज स्थापित करने मे पूरा जोर देती है। इसलिए जिला से प्रखंड व पंचायत के गांव गांव तक जनाधार बनाकर विधानसभा चुनाव मे एकता परिचय देते हुए काम करने की आवश्यकता है। मौके पर लवकुश कुमार यादव, संजय राम, भुनेश्वर यादव, प्रेम यादव, जमुना प्रजापति, प्रमोद गंझु, उपेन्द्र उरांव, बालेश्वर उरांव, रंजीत गंझु रविन्द्र उरांव, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भगवती के प्रति निष्ठा रखने पर भगवान सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते है: बिन्नी किशोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित किए गए सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथा दिन श्री राधा रानी गौशाला सिरोही राजस्थान के कथा वाचक बिन्नी किशोरी ने कहा कि भगवान को सच्चे दिल से मान लो तो भगवान तुम्हारी सेवा और लालन-पालन भी करेंगे। भगवती के प्रति निष्ठा रखने पर भगवान संपूर्ण मनोकामनाएं पूर्ण करती है। भारत देश का नाम राजा भरत जी के समय रखा गया था। इसीलिए कथा वाचक, कथा सुनने वाले श्रद्धालु, गइया, मइया सब भारत में ही मिलेंगे। संत को शरीर का मोह नहीं होता है। मनुष्य को पाप करने से बचना चाहिए नरक 28 प्रकार के होते हैं आप जैसा कार्य करेंगे नर्क व स्वर्ग में आपकी वैसी व्यवस्था की गई है। जो घर में अचानक आ जाए उसे अतिथि कहते हैं और जो सूचना देकर आते हैं उसे मेहमान कहा जाता है इसीलिए अतिथि देवो भवः कहा गया है। नरक धोबी घाट के समान होता है मनुष्य का शरीर भी कपड़ा का समान है जितना ज्यादा पाप और पुण्य करोगे उतनी ज्यादा आपका कपड़ा साफ या गंदा होगा और नर्क या स्वर्ग आपके कर्मों से तय की जाती है। कथावाचक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विस्तार पूर्वक भागवत कथा सुनाई। इससे पूर्व पूजा समिति के अध्यक्ष रवि सिंह एवं कई श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण को आरती एवं पूजा अर्चना कर कथा की शुरूआत की। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव भी मनाया गया वहीं उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा के दौरान होने वाले भजन में भक्ति से झूठ उठे। इस मौके पर पूजा समिति के लाल देवगन गंझु,संजय ओझा, हिमांशु गुप्ता, अखिलेश भोक्ता ,ऋषि कुमार, बबलू चौरसिया, संदीप कुमार, अशोक साहू, बिट्टू सोनी, विशेष कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, अनिल प्रजापति, मौसम सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, विनोद साहू, सोनू सिन्हा, जितेंद्र प्रसाद समेत भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।



प्रवचन देते बिन्नी किशोरी।

## व्यवसायिक समिति की पहल पर विधायक ने खराब पड़ी लाइटों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज की पहल पर क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने बस स्टेंड के समीप अंबेडकर चौक पर खराब पड़ी सोलर स्ट्रीट लाइट को ठीक करवाने के निर्देश बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को दिए है। बता दें कि यह स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के कुछ दिनों बाद ही खराब हो गई थी। वहीं विधायक ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता दुर्गा शंकर को भी निर्देश दिया है कि बरवाडीह बाजार क्षेत्र में विभिन्न विद्युत पोल में खराब पड़ी लाइटों की सूची बनाकर अविलंब दुरुस्त करवाने का कार्य करें। जहां दोनों पदाधिकारियों ने इस कार्य को तत्काल पूरा कराने को लेकर विधायक को आश्वत किया है। इसके अलावा विधायक ने व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज को बताया कि आपके द्वारा बाजार क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौक चौराहों पर सोलर लाइट की मांग की गई थी। आपकी यह मांग भी शीघ्र पूरी होने वाली है। जिसके बाद दीपक राज ने विधायक का आभार प्रकट करते हुए कहा कि व्यवसायिक समिति की पहल पर उन्होंने मुख्य बाजार स्थित वर्षो से जर्जर व ध्वस्त हो रहे चारों किसान शेड की मरम्मती कराने का कार्य किया। इसके लिए समिति के सभी पदाधिकारियों और दुकानदारों की ओर से उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर नसीम अंसारी, विजय बहादुर सिंह, मनोज जयसवाल, डॉ.पवन कुमार, प्रेम सिंह और अवधेश मेहरा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



विधायक का आभार जताते दीपक राज व दुकानदार।

### विधायक ने उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी का दिया प्रमाण-पत्र

## लाखों उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना का मिल रहा है लाभ: रामचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** राज्य के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह ने सोमवार को प्रखण्ड मुख्यालय के विद्युत पावर सब स्टेशन में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं के बीच मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल माफी का प्रमाण-पत्र वितरण किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार आमलोगों को राहत पहुंचाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लाई है। घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी गयी है। वहीं पुराने बकाए को भी एकमुश्त माफ कर दिया गया है। जिससे क्षेत्र के लाखों गरीब जनता को काफी राहत मिली है। वहीं मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 49 वर्ष तक के महिलाओं के बैंक खाते में प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि दी जा रही है। आने वाले समय में इस राशि को बढ़ाने की योजना भी सरकार की है। बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों के फायदे के लिए योजना लागू करती है। जैसे मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, 200 यूनिट बिजली फ्री, कृषि लोन माफी, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि लागू है। ताकि हमारे झारखंड के गरीब वंचित लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। एसडीओ दुर्गा शंकर ने बताया कि इस योजना के तहत जो घरेलू उपभोक्ता प्रतिमाह 200 यूनिट बिजली खपत करने की श्रेणी में आते है, उन्हें अगस्त 2024 तक का लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा शिविर में मीटर में खराबी, बिल में गड़बड़ी, मीटर चेंज, नाम ट्रांसफर आदि समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। मौके पर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज समेत सैकड़ो की संख्या में उपभोक्ता मौजूद थे।



उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र वितरण करते विधायक।

## जाति प्रमाण पत्र बनने को लेकर लोहरा समाज ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** स्थानीय कृषि फार्म परिसर में सोमवार को आदिवासी लोहरा समाज प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला अध्यक्षा उषा उद व संचालन राकेश लोहरा ने की। बैठक में आदिवासी लोहरा समाज के लोगो के जाति प्रमाण पत्र बनने में हो रही परेशानी को लेकर गम्भीरता से चर्चा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि खतियान में त्रुटि के कारण आदिवासी लोहरा समाज के लोगो को जाति प्रमाण पत्र बनने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वरीय अधिकारियों का निर्देश प्राप्त है कि ग्राम सभा के माध्यम से प्रमाणपत्र बनेगा लेकिन दु:खद बाद है कि सारी प्रक्रिया पूर्ण करने करने के बाद भी जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। जाति प्रमाणपत्र नही बन पाने के कारण समाज के युवा पढ़ाई व नौकरी में पिछड़ते जा रहे हैं। अगर प्रशासन इस समस्या का समाधान जल्द नही निकालेगी तो गोलबंद होकर आंदोलन किया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश नाथ लोहरा, महासचिव वीरेंद्रनाथ लोहरा, मछिन्दर लोहरा, वीरेंद्र लोहरा, सुलेन्द्र लोहरा, नरेश लोहरा, बबिता देवी, गुल्फी देवी समेत कई लोग मौजूद थे।



बैठक करते लोग।

### भाजपा किसान मोर्चा ने राज्यपाल के नाम सौंपा 5 सूत्री आवेदन

**चंदवा।** इस वर्ष लातेहार जिले में अत्यधिक बारिश के कारण जिले के किसानों को हुए नुकसान समेत 5 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव के नेतृत्व में किसान मोर्चा के कार्यकताओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम जिले के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि इस वर्ष मानसून में झारखंड प्रदेश में औसत से अधिक वर्षा के कारण प्रदेश के किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। विशेषकर सब्जी की खेती करने वाले किसान अत्यधिक प्रभावित हुए हैं व भारी नुकसान उठाना पड़ा है। किसान मोर्चा ने ज्ञापन के माध्यम से सब्जी की खेती में हुए नुकसान की भरपाई करने, प्रखंड स्तर पर एक विशेष टीम गठित कर वास्तविक नुकसान का आकलन करने और आपदा राहत के तहत प्रभावित किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने, वर्ष 2024-25 के धान अधिप्राप्ति सत्र में किसानों को प्रति क्विटल 500 रुपये का बोनस प्रदान कर आर्थिक संकट से उबरने में सहायता करने, अत्यधिक वर्षा से प्रभावित किसानों को आगामी रबी सीजन के लिए बीज 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराने, मिलेट्स (श्री अन्न) के बीज किसानों को सुलभ कराने के लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाने व धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्रत्येक किसानों को दिलाने की मांग की गई है।

### विधायक ने 27 पूजा समितियों के प्रतिनिधिमण्डल को अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित

## पूजा समितियों का सत्कार हमारे लिए बहुत बड़ा सम्मान है: रामचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास पर सोमवार को प्रखण्ड क्षेत्र की दुगार्पूजा समितियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक ने बरवाडीह प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों से आए दुगार्पूजा समिति के पदाधिकारियों को बारी- बारी से अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और सहयोग राशि देकर पूजा की शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य पूजा समितियों का उत्साह बढ़ाना हैं। उन्होंने पूजा समितियों से अपील करते हुए कहा कि पूजा के आयोजन में किसी प्रकार की परेशानी होने पर वह उनसे संपर्क कर सकते है। आज बड़े ही गौरव की बात है कि पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल को सम्मानित करने का हमें अवसर मिला है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंचमुखी शिव मंदिर पूजा समिति के प्रतिनिधि मण्डल और अन्य पूजा समितियों ने विधायक रामचंद्र सिंह को सपरिवार पूजा पंडालों में आमंत्रित किया। वहीं विधायक के आवास पर सभी लोगों के लिए भोजन का प्रबंध भी किया गया था। मौके पर राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, युवा नेता विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, प्रेम सिंह, अवधेश मेहरा, समाजसेवी शिवानंद तिवारी, मनोज जयसवाल, नजाम अंसारी, श्रवण सिंह, राजेश वर्मा, राकेश अग्रवाल, दीपक राज, कौशल कुमार, पंकज गुप्ता, सिंपी मल्होत्रा, मुकेश कुमार, संजीव श्रीवास्तव, चंदन पासवान, ऋषि राज और प्रेम कुमार अधूरा समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।



अंगवस्त्र से सम्मानित करते विधायक।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लातेहार नवनियुक्त उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को पत्र लिखकर धाधु मॉडल विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से जिला परिषद उपाध्यक्ष उपाय को बताया है कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धाधु पंचायत में मॉडल विद्यालय संचालित है। जहां प्लस टू तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय के लिए अच्छ कमरे और प्रयोगशाला की भी व्यवस्था है। लेकिन अप्रैल 2022 में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को मौखिक रूप से कहा गया कि विद्यालय का चार कमरा इंडियन इंस्टीट्यूट आफ स्किल डेवलपमेंट को दे देना है। जो एक गैर सरकारी संस्था है। जिसमे बच्चों को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद प्रधानाध्यापक द्वारा संस्था को मॉडल विद्यालय में चार कमरा उपलब्ध करा दिया गया। जिसमें एक वर्ष तक संस्था द्वारा बेरोजगार युवकों को जैसे तैसे प्रशिक्षणदेकर खाना पूर्ति की गई। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिन लोगों को प्रशिक्षण दिया गया उन्हें आज तक ना तो रोजगार मिला और ना ही बेरोजगारी भत्ता मिला। संस्था प्रशिक्षण के बाद विद्यालय से तो चली गई लेकिन अपना कई सामान विद्यालय के चारों कमरों में बंद करके रखे हुए हैं ।ऐसी स्थिति में मॉडल विद्यालय ठीक से संचालित नहीं हो पा रहा है। उन्होंने विद्यालय में रखे सामानों को हटाकर अतिक्रमण मुक्त करने का मांग किया है।

### हाईवा से डीजल चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार



गिरफ्तार चोर व बरामद डीजल।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने मगध कोलियरी में हाईवा वाहन से डीजल चोरी करने वाले एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया की पुलिस को सूचना मिली थी कि बसंत उरांव 22 वर्ष पिता कार्तिक उरांव ग्राम खंदार थाना टंडवा जिला चतरा निवासी द्वारा हाईवा से डीजल चोरी कर खरीद बिक्री का कार्य किया जाता है। सूचना के बाद आरोपी को मगध कॉलोनी के 13 नंबर कांटा के पास हाईवा से डीजल चोरी करते हुए पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी के पास से दो गैलन में तेल भी बरामद किया गया। इसके अलावा दो खाली गैलन पाए गए ।पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा लगातार मगध कोलवारी क्षेत्र में कोयला लोड करने वाले वाहनों से डीजल की चोरी कर खरीद बिक्री का कार्य किया जाता था। वहीं पुलिस द्वारा इस संबंध में बालूमाथ थाना कांड संख्या 112/24 धारा 303 (2) 317(2) 317(5) 35 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया।

### जनता की समस्याओं से अवगत हुई जिप सदस्य



समस्या सुनती जिप सदस्य।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बसिया ग्राम में सोमवार को बालूमाथ पूर्वी जिप सदस्य प्रियंका देवी जनता की समस्याओं से अवगत हुई। इस दौरान बसिया ग्राम के लोगों ने उनका स्वागत किया। मौके पर लोगों ने पीसीसी सड़क, स्ट्रीट लाइट, पानी, राशन कार्ड समेत कई समस्याओं से जिला परिषद को अवगत कराया। मौके पर बोलते हुए प्रियंका कुमारी ने कहा कि आप मुझे बेझिझक अपनी समस्या से अवगत कराए। आप लोगों की समस्या से जिला उपायुक्त एवं डीडीसी से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने इस दौरान जनता द्वारा आए सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण करने का भरोसा दिलाया। मौके पर पूर्व मुखिया सुमन देवी, अजय उरांव, राजदेव यादव धर्मदेव उरांव, मुन्नी देवी, खुशबू देवी शांति देवी, लीला देवी, ललिता देवी, तीला देवी, मनिता देवी, संगीता देवी, पनवा देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### आनंदमार्गियों ने निकाली कीर्तन शोभायात्रा, बाबा नाम केवलम कीर्तन के धून से गूंज उठा चंदवा




शोभा यात्रा में शामिल लोग।

**चांदवा।** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ की ओर से आयोजित आठ दिवसीय बाबा नाम केवलम्-अखंड कीर्तन से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। बाबा नाम केवलम् कीर्तन उद्गम स्थल अमझरिया डाक बंगला 1 से 8 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रम के 7 वें दिन सोमवार को चंदवा शहर में अनंदमार्गियों के द्वारा कीर्तन शोभायात्रा निकाली गई। चंदवा शहर बाबा नाम केवलम् कीर्तन के धून से गूंज उठा। शोभा यात्रा की शुरूआत स्थानीय इंदिरा गांधी चौक से हुई जो नगर भ्रमण करते हुए रेलवे स्टेशन तक पहुंची। आनंद मार्ग सेवा धर्म मिशन के विश्व स्तरीय सचिव आचार्य मंत्रजपानंद अवधूत ने कहा कि प्रभु के दो पक्ष है। एक है निर्गुण और दूसरा है सगुण। जब भक्त भगवान के महिमा का गुणगान करते हैं तो इसे कीर्तन कहते हैं। वह गाता है, नाचता है, रोता है, कीर्तन करने के दौरान भक्त का हृदय भक्ति भाव से भर जाता है। क्योंकि परमपुरुष आनन्दघन सत्ता हैं। बाबा नाम हरिनाम है। पुरोधा प्रमुख ने कहा कि मास्टर यूनिट का हर कण बाबा नाम केवलम् के तरंग से छन्दायित हो रहा है। इसलिए जो भी यहां आये है खूब कीर्तन करें। कीर्तन से पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, सजीव व निर्जीव सभी प्रभावित होते हैं। सभी इसका आनन्द लेते हैं। जो भी इसे सुनेगा उनका मन पवित्र होगा। इसलिए खूब कीर्तन करे। खूब कीर्तन करें। शोभा यात्रा में सैंकड़ो आनंदमार्गी शामिल थे।

### 20 मिठाई दुकानो पर छापामारी

**लातेहार।** जिला तम्बाकू नियंत्रण को लेकर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार डॉक्टर शोभना टोप्पो ने सभी दुकानों में छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। जहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार एवं जिला तंबाकू नियंत्रण इकाई जिला सलाहकार नागेंद्र कुमार के नेतृत्व में सोमवार को मिष्ठान छप्पन भोग प्रदीप किराना स्टोर, उपहार स्वीट पलामू स्वीट समेत 20 दुकानों में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के तहद छापामारी किया गया। वही चार दुकानों में सैंपल कलेक्ट किया गया मौके पर उपस्थित संजय शर्मा शहनाज खातून मौजूद थी।

